# कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक-**25.06**.2024

**विषयः- मारपीट कर घायल करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्तगण को थाना फूलपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में **आज** दि0 25.06.2024 को थाना फूलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर करखियांव गेट के पास से मारपीट कर घायल कर देने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0- 0157/2024 धारा-**323/352/147/149/307 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्तगण** अमित यादव उर्फ छोटू यादव पुत्र रामविलास यादव, नि0 ग्राम असिला, थाना फूलपुर, जनपद वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष व सुरेन्द्र यादव उर्फ नाटे यादव पुत्र कल्लू यादव, नि0 ग्राम असिला, थाना फूलपुर, जनपद वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-** पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि दिनांक 22/06/2024 की रात्रि में मनोज यादव, नि0 ग्राम कंचनपुर गढ़खड़ा, थाना फूलपुर, वाराणसी के यहां शादी समारोह में हम लोग अपने साथी नितेश यादव के साथ गये थे। शादी समारोह में सूरज यादव व किशन यादव से खाना खाने की बात को लेकर कहा सुनी हुई थी । उसी बात की खुन्नस को लेकर हम लोगो ने सूरज यादव व उसके मित्र किशन यादव को रात में अन्धेरे का फायदा उठाकर फूलपुर मे भुसौली रोड़ के पास स्थित पानी टंकी के पास मार-पीट किये थे।

# *गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण*-

- अमित यादव उर्फ छोटू यादव पुत्र रामविलास यादव, नि0 ग्राम असिला, थाना फूलपुर, जनपद वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष।
- सुरेन्द्र यादव उर्फ नाटे यादव पुत्र कल्लू यादव, नि0 ग्राम असिला, थाना फूलपुर, जनपद वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0- 0157/2024 धारा 323/352/147/149/307 भादवि0**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 पवन कुमार यादव, थाना फूलपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अजय गौड़, थाना फूलपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अशोक कुमार यादव, थाना फूलपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 विक्रान्त सिंह, थाना फूलपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराण**